Title: Demand to complete early the Arpa Bhesajhal Irrigation Project in Bilaspur district of Chhattisgarh State.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले में अरपा भेसाझाल सिंचाई परियोजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । यह सिंचाई परियोजना पिछले 10-15 सालों से लम्बित है। कर्मचारी और अधिकारी पदस्थ हैं और एक करोड़ की कालोनी बन चुकी है। अन्य सभी कर्मचारियों को स्थानांतरित किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के 16 जिले, विशेाकर बिलासपुर जिले में अकाल पड़ा हुआ है। सभी जगह मजदूरों के लिये रोज़ी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। किसान परेशान हैं। इस सिंचाई परियोजना के लागू होने से किसानों की 15 हजार एकड़ भूमि की अपासी हो सकेगी। इसलिये मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जिला बिलासपुर की अर्पा भेसाझाल सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाये ताकि किसानों को उसका लाभ मिल सके।